www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , रविवार,1 फरवरी 2026


## सुविचार



हम सभी महान कार्य नहीं कर सकते, लेकिन हम छोटे-छोटे कार्यों को बड़े प्रेम से कर सकते हैं। हमें छोटे-छोटे कार्यों में निस्वार्थ प्रेम, शांति, और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए।

– मदर टेरेसा

## बरेली के प्रमुख समाचार

- जुए में 20 हजार हारने पर पत्नी ने गला दबाकर मार डाला-II
- पुरानी पेंशन बहाली और टैक्स में राहत पर टिकी निगाहें-III
- बिना हेलमेट-सीट बेल्ट चलने वालों को टोकें -IV

## सिटी ब्रीफ

### अलंकार के निलंबन के बाद राजेश वर्मा होंगे नगर मजिस्ट्रेट

**बरेली, अमृत विचार :** इस्तीफा देकर केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध बयानबाजी करने पर अलंकार अग्निहोत्री को निलंबित करने के बाद रिक्त हुई नगर मजिस्ट्रेट की कुर्सी अब जालौन के नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा संभालेंगे। शासन ने शनिवार की शाम राजेश कुमार वर्मा को बरेली का नगर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। राजेश कुमार वर्मा को तत्काल ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, अलंकार अग्निहोत्री के निलंबित होने के बाद डीएम ने अस्थायी तौर पर एएसडीएम राम जनम यादव को प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट बना दिया था।

### वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी को

**बरेली, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 22 फरवरी को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि मेगा शिविर में प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर विभिन्न प्रकार की लाभकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने वाले पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। बताया कि विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के सफल आयोजन के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पैरा लीगल वालंटियर को लगाया गया है।

## शहर में आज

- इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से आम बजट का सीधा प्रसारण होटल कासा डिवाइन पीलीभीत बाईपास रोड स्थित सुबह 11 बजे।
- विराट हिंदू सम्मेलन छत्रपति शिवाजी चौक राजेंद्र नगर में दोपहर 1 बजे।
- संत रविदास हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से हिंदू सम्मेलन वीरसावरकर नगर गेट नंबर 1 पार्क में सुबह 11 बजे से।
- एसएमएस रिद्धिमा में शारदा उत्सव भरतनाट्यम कार्यक्रम शाम सुबह 5 : 15 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 से 7 बजे।

# माघ पूर्णिमा के चलते आज रहेगा रूट डायवर्जन

- शहर में सुबह 4 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक नहीं आएंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा के मौके पर रविवार को चौबारी घाट रामगंगा नदी पर स्नान के चलते ट्रैफिक पुलिस की तरफ से रूट डायवर्जन लागू किया गया है। शहर में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए रविवार की सुबह 4 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक भारी वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा।

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि दिल्ली-रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है। झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस से ट्रांसपोर्ट नगर तक आएंगे। वहीं लखनऊ की तरफ जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास से जा सकेंगे। इसके साथ ही बदांयू की तरफ जाने वाले वाहन बड़ा बाईपास से फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी से दातागंज, देवचरा, भमोरा होकर जा सकेंगे। इसी तरह बदायू से बरेली की तरफ आने वाले भारी वाहन देवचरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी से बड़ा बाईपास से इनवर्टिस तिराहे से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि जिन भारी वाहनों को लखनऊ व दिल्ली की तरफ जाना है वह भी इसी मार्ग से फतेहगंज पूर्वी होकर दिल्ली-लखनऊ हाईवे से जा सकेंगे। इसके साथ ही नैनीताल व पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बरेली आना है बड़ा बाईपास से बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा से ट्रांसपोर्ट नगर तक आ सकेंगे व इसी मार्ग से जाएंगे। नैनीताल व पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बदांयू जाना है बड़ा बाईपास से बिलवा, विलयधाम, इन्वर्टिस तिराहा से फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा होकर जा सकेंगे व इसी मार्ग से आ सकेंगे।

**इन मार्ग पर प्रतिबंधित रहेंगे सभी वाहन :** एसपी ट्रैफिक के अनुसार रविवार की सुबह 4 से दोपहर 1 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहन देवचरा, रम्पुरा, अखा मोड़ से रामगंगा की तरफ व चौपला चौराहा पुल से रामगंगा की तरफ एवं बुखारा मोड़ से रामगंगा की तरफ प्रतिबंधित रहेंगे।

वहीं ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि माघ पूर्णिमा स्नान पर्व में आने वाले श्रद्धालु अपने-अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में खड़ा करें, रामगंगा पुल और मुख्य मार्ग पर अपने वाहन पार्क न करें और असुविधा से बचे। शहर के लोगों से अपील करते हुए कहा गया है कि माघ पूर्णिमा पर्व पर रामगंगा में काफी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए आते हैं। ऐसे में रामगंगा की तरफ न जाकर वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

## चिकित्सा सुविधा, भीड़ प्रबंधन व यातायात नियंत्रण की तैयारी परखी

**बरेली,अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा को लेकर एसपी सिटी मानुष पारिक ने सीओ किला सोनाली मिश्रा और सुभाषनगर पुलिस के साथ शनिवार को रामगंगा घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण की तैयारियों को परखा। एसपी सिटी ने घाट पर अग्निशमन की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी एवं पुलिस बल की तैनाती का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए उचित मार्ग चिह्नांकन एवं बैरिकेडिंग किए जाने, महिलाओं, वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ को रोकने के लिए समय-समय पर निर्देश दिए जाने व आपात स्थिति में त्वरित राहत कार्य के लिए सभी टीमें को अलर्ट रहने के लिए निर्देशित किया।



रामगंगा घाट का निरीक्षण करते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

# आधार सत्यापन के बाद ही आज से रजिस्ट्री संभव

- फर्जी गवाह और बेनामी संपत्तियों पर बायोमेट्रिक सत्यापन से कसेगी नकेल
- नई व्यवस्था में खरीदार, विक्रेता और गवाह की तुरंत होगी पहचान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संपत्तियों के बैनामे में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब रजिस्ट्री के दौरान आधार सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। एक फरवरी से जिले के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में यह नई व्यवस्था लागू होगी। इसके तहत खरीदार, विक्रेता और गवाहों का आधार नंबर मौके पर बायोमेट्रिक मशीन से सत्यापित किया जाएगा।

अभी तक जो व्यवस्था है, उसमें केवल आधार की फोटोकॉपी पर रजिस्ट्री होती थी, जिससे फर्जीवाड़े और बेनामी संपत्तियों की रजिस्ट्री की आशंका बनी रहती थी। नई प्रक्रिया में ऑनलाइन पोर्टल को यूआईडीएआई के केंद्रीय सर्वर से जोड़ा गया है। इसके तहत अब बैनामे की ऑनलाइन कॉपी तभी उपलब्ध होगी जब मोबाइल नंबर पर भेजी गई ओटीपी दर्ज की जाएगी। इससे जहां फर्जी आधार और गवाहों के इस्तेमाल पर प्रभावी रोक लगेगी वहीं, रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। अधिकारियों के मुताबिक रजिस्ट्री प्रक्रिया आरडी (रजिस्टर्ड डिवाइस) और सुरक्षित बायोमेट्रिक स्कैनर के माध्यम से पूरी की जाएगी, जो आधार मानकों के अनुसार पहचान को प्रमाणित करेगा। सही पहचान मिलने पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जबकि असत्यापन होने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया जाएगा। इससे नागरिकों को संपत्ति लेन-देन में सुरक्षा और भरोसा मिलेगा। माना जा रहा है कि एक फरवरी से लागू होने वाली यह व्यवस्था फर्जीवाड़े को रोकने में कारगर साबित होगी।

# त्रिवटी नाथ मंदिर की कुर्की के नोटिस पर मचा हड़कंप

## गलती का अहसास होने पर निगम ने सफाई देकर कहा -मंदिर-मस्जिद नहीं, केवल आधिपत्य वाली संपत्तियों पर होगी कुर्की की कार्रवाई

- पासपोर्ट कार्यालय को भी बकाएदारों की सूची में डालकर जारी किया नोटिस
- नगर निगम की कारगुजारी का पता चलते ही धार्मिक संगठनों ने की आलोचना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम के टैक्स बकाया वसूली को जारी कुर्की नोटिस ने शनिवार को शहर के धार्मिक और प्रशासनिक हल्कों में तूफान ला दिया। सदियों पुराने प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर को नगर निगम ने बकायेदारों की सूची में डालकर उसकी चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का नोटिस जारी कर दिया। यही नहीं, सीधे भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के अधीन आने वाले पासपोर्ट कार्यालय को भी बकायेदार घोषित कर दिया गया। अखबारों में प्रकाशित सार्वजनिक नोटिस में पासपोर्ट ऑफिस का नाम उन बकायेदारों के साथ दर्ज था, जिनकी संपत्ति कुर्क की जानी थी। इसे लेकर जब हड़कंप मचा तो अधिकारियों ने सार्वजनिक नोटिस को लेकर सफाई दी कि कुर्की मंदिर-मस्जिद पर नहीं, बल्कि उनके आधिपत्य में आने वाली व्यावसायिक संपत्तियों, दुकानों और किरायेदार भवनों पर की जा रही है।



मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने कहा कि त्रिवटी नाथ संपत्ति पर 1.82 लाख रुपये, त्रिवटी नाथ मंदिर परिसर पर 1.76 लाख रुपये और पासपोर्ट कार्यालय 1.73 लाख रुपये बकाया है। नगर निगम अधिनियम 1959 के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 तक जिन भवन स्वामियों/अध्यासियों पर संपत्ति कर बकाया है, उन्हें धारा 504 के अंतर्गत बिल और धारा 506 के तहत मांग नोटिस भेजे गए थे। बावजूद भुगतान नहीं होने पर धारा 507, 508, 509, 510 व 513 के प्रावधानों के अनुसार चल-अचल संपत्ति की कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित है। इसी के लिए 30 जनवरी को बकायेदारों की सूची प्रकाशन को भेजी गई थी। इधर, कहा जा रहा है कि निगम की यह कार्रवाई न केवल प्रशासनिक अज्ञानता का उदाहरण है, बल्कि संवेदनशीलता और जनभावना की अनदेखी का भी प्रमाण है। लोगों का कहना है कि मंदिर और धार्मिक स्थलों के प्रति जनता की आस्था को ध्यान में रखे बिना उठाया गया यह कदम निश्चित रूप से आलोचना का पात्र है। इसके अलावा, पासपोर्ट कार्यालय जैसी सरकारी संस्थाओं को भी डिफॉल्टर घोषित कर देने का साहस सीधे तौर पर निगम की प्रशासनिक विवेकहीनता को दर्शाता है।

### मंदिर और संपत्ति पर अलग-अलग टैक्स का जाल

नगर निगम ने सदियों पुराने टिबरीनाथ मंदिर पर करोड़ों का बकाया दो हिस्सों में दिखा दिया। टिबरीनाथ संपत्ति पर 1,82,181.52 और मुख्य मंदिर पर 1,76,874.93 का बकाया निकाला, जबकि पासपोर्ट कार्यालय पर 1,73,437.02 की देनदारी घोषित की गई। भक्तों में भारी गुस्सा इसको लेकर है कि नगर निगम के अधिकारी धर्मस्थलों को श्रद्धा और आस्था की दृष्टि से नहीं, बल्कि केवल ''प्रॉपर्टी'' की तरह आंक रहे हैं। यह अज्ञानता और संवेदनहीनता न केवल प्रशासनिक विवेकहीनता को उजागर करती है, बल्कि जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। सवाल उठता है कि क्या निगम को मंदिर और सरकारी संस्थानों में फर्क फर्क करने की समझ ही नहीं?

### वसूली को फ्रिज, एसी और बैंक खाते भी होंगे सीज

नगर निगम की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि तीन दिनों के भीतर टैक्स जमा नहीं किया गया, तो धारा 507 से 513 के तहत मंदिर से लेकर विदेश मंत्रालय के अधीन आने वाले पासपोर्ट कार्यालय तक की संपत्तियों पर कार्रवाई होगी। जारी नोटिस में साफ लिखा गया है कि मोटर कार, फ्रिज, एसी, कूलर, कंप्यूटर और यहां तक कि बैंक खाते भी कुर्क किए जा सकते हैं।

### मंदिर सेवा समिति ने कहा, टैक्स बकाये के लिए किरायेदार जिम्मेदार, समिति नहीं

अखबारों में नगर निगम की ओर से प्रकाशित कर मंदिर का कर बकाया और देनदारों में मन्दिर का नाम प्रकाशित किये जाने पर बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति ने स्पष्ट किया कि मंदिर परिसर में किरायेदार-स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और दुकानदारों की सभी सरकारी, नगर निगम ,बिजली आदि कर या बाकाया राशि सीधे संबंधित विभाग को देंगे। मंदिर सेवा समिति का इस पर कोई दायित्व नहीं है। समिति का संचालन पूरी तरह पारदर्शी और नियमों के अनुसार होता है। मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने यह बयान जनता और प्रशासन को भरोसा दिलाने के लिए जारी किया।

> धार्मिक स्थलों की कुर्की नहीं की जा रही है। कार्रवाई केवल उन व्यावसायिक संपत्तियों पर हो रही है जो मंदिरों और धार्मिक स्थलों के आधिपत्य में आती हैं और जिनका टैक्स बकाया है। इसी कारण से कुर्की नोटिस प्रकाशित किया गया था।
>
> **-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

# संभागीय परिवहन कार्यालय भवन निर्माण के लिए अंतिम किस्त जारी

- 6.80 करोड़ रुपये मिले परसाखेड़ा में बन रहा है सारथी हाल और कार्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली रोड पर डीपीएस स्कूल के पास निर्माणाधीन संभागीय परिवहन कार्यालय का भवन और सारथी हाल निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। शासन ने निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के लिए अंतिम किस्त के रूप में 6.80 करोड़ जारी कर दिए हैं। इससे पहले 9.80 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। अंतिम किस्त मिलाकर परियोजना की पूरी लागत की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

विशेष सचिव केपी सिंह ने परिवहन आयुक्त को भेजे पत्र में कहा है कि संभागीय परिवहन कार्यालय और सारथी हाल भवन निर्माण के लिए धनराशि जारी कर दी है। इस परियोजना के लिए कुल 16.60 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी।

# अपात्र महिला को किया 1.13 करोड़ का भुगतान बना गले की फांस

- तहसील सदर से जारी किए गए वसूली प्रमाणपत्र के विरुद्ध महिला पहुंची हाईकोर्ट
- हाईकोर्ट से केस निस्तारित न होने तक इस रकम को वसूल नहीं पाएंगे अधिकारी
- मामला हाईकोर्ट में जाने पर विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी करेंगे मजबूत पैरवी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन रिंग रोड की भूमि अर्जन करने के दौरान तहसीलदार सदर की गलती से अपात्र महिला को 1.13 करोड़ रुपये के भुगतान करने का मामला अफसरों के गले की फांस बन गया है। एडीएम जे की जांच में तहसीलदार सदर की गलती से भुगतान होने पर अपात्र महिला को धनराशि रिकवर कराने के लिए वसूली प्रमाणपत्र जारी किया गया। इस पर महिला हाईकोर्ट इलाहाबाद चली गयी। महिला ने तहसील सदर से जारी वसूली प्रमाणपत्र पर रोक लगाने के लिए अर्जी लगा दी। इससे तहसील सदर और विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारी परेशान हो गए हैं। अब हाईकोर्ट से मामला निस्तारित होने या कोई आदेश आने तक महिला से इतनी बड़ी रकम रिकवर कराना संभव नहीं है, वहीं जिस महिला की भूमि अर्जन की गयी है, वह भुगतान मांग रही है।

दरअसल, रिंग रोड के निर्माण के लिए सदर तहसील के महेशपुर ठाकुरान गांव की भूमि का 11 दिसंबर 2023 को अवार्ड घोषित किया गया। 13 फरवरी 2025 को तहसीलदार सदर ने अर्जन से प्रभावित संयुक्त गाटा संख्या-517 के सह खातेदारों के अंश प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए थे। गाटे का रकबा 2.3150 हेक्टेयर है। इसमें भगवान देई की 0.3160 हेक्टेयर जमीन है। शेष जमीन चार भाइयों में अमर पाल सिंह, अर्जुन सिंह, देशपाल सिंह और यशपाल सिंह के नाम है। बाद में मामला पकड़ा गया कि भगवान देई के खाते में 1.13 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया गया। सह खातेदार यशपाल ने शिकायती पत्र देते हुए डीएम से जांच की मांग के साथ अपात्र भगवान देई से रकम वापस लेने की मांग भी की है।

डीएम ने एडीएम न्यायिक एवं विशेष भूमि अध्यापित अधिकारी देश दीपक सिंह से मामले की जांच कराई। जांच में यह बात सामने आई कि राजस्व कर्मियों ने मौका और अभिलेख देखे बिना ही सह खातेदारों का अंश निर्धारित कर दिया था। उस रिपोर्ट को सत्यापित कराए बिना तहसीलदार सदर ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (एसएलएओ) कार्यालय को रिपोर्ट भेज दी। उसी रिपोर्ट पर एसएलएओ ने अपात्र भगवान देई के खाते में 24 फरवरी 2025 को मुआवजा राशि ट्रांसफर की थी। इस संबंध में तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह और एडीएम जे देश दीपक सिंह को कॉल की गयी मगर कॉल रिसीव न होने से इनका पक्ष नहीं मिला है।

# आधुनिक एसी पोस्टमार्टम हाउस बनेगा

- शासन ने 44.43 लाख से उपकरण खरीदने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी
- चार एसी, चार डीप फ्रीजर, सौ एमए पोर्टेबल एक्स-रे एल्युमिनियम बॉडी लगाए जाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एडीएम कंपाउंड के पास स्थित पोस्टमार्टम हाउस को एसी बनाने के साथ अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसे अत्याधुनिक सुविधाओं वाला पोस्टमार्टम हाउस बनाने के लिए 44.43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें चार एसी, चार डीप फ्रीजर, सौ एमए पोर्टेबल एक्स-रे व एल्युमिनियम बॉडी आदि उपकरण लगाए जाएंगे। शासन ने बरेली में आधुनिक सुविधाओं का पोस्टमार्टम हाउस बनाने के लिए उपकरण खरीदने की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

पोस्टमार्टम हाउस में उपकरणों में 1.5 टन एसी तीन, एसी ऑफ मोरचरी 4.5 टन एक, 10 केवीए का जेनरेटर, 100 एमए सौ एमए पोर्टेबल एक्स-रे एल्युमिनियम बॉडी, सीसीटीवी कैमरा एक, ऑर्डिनरी वीडियो कैमरा एक, स्टील अलमिरा, ऑफिस टेबिल, प्रिंटर, ऑटोमेशन लेमिनेशन जीरॉक्स, रिवाल्विंग चेयर, चार डैड बॉडी डीप फ्रीजर, दो लाइट यूज्ड डूरिन पोस्टमार्टम, दो स्ट्रेचर, पांच इलेक्ट्रिक बोन मशीन आदि 17 उपकरण खरीदे जाने हैं। इन उपकरणों की खरीद पर 44.43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। संयुक्त सचिव आनंद कुमार राय ने आदेश जारी कर दिया है। जीएसटी लगाकर प्रत्येक उपकरण की कीमत भी बतायी है। दो लाख रुपये से अधिक कीमत के उपकरण की खरीद उप्र मेडिकल सप्लाइज कारपोरेशन लिमिटेड के जरिए जैम पोर्टल से की जाएगी।




# खराब मौसम के चलते लंबी दूरी की 18 बसें निरस्त

**बरेली, अमृत विचार:** खराब मौसम और न्यूनतम यात्रियों की उपस्थिति के चलते शुक्रवार और शनिवार को लंबे रूटों की 18 रोडवेज बसों को निरस्त कर दिया गया। रात्रिकालीन सेवाओं में यात्रियों की कम संख्या को देखते हुए कई बसें पूरी तरह से रद्द की गईं, जबकि जिन यात्रियों ने सफर करना तय किया, उन्हें अन्य उपलब्ध बसों में समायोजित किया गया। अधिकारियों के मुताबिक शनिवार सुबह भी लंबे रूटों की बसें निर्धारित समय पर नहीं चल सकीं और उन्हें सेटेलाइट व पुराने बस अड्डे से देरी के साथ रवाना किया गया।

# कोहरे की वजह से ट्रेनें लेट होने से यात्री परेशान

- ठंड में यात्रियों को ट्रेनों का घंटों इंतजार करना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोहरे के चलते ट्रेन लेट होने से यात्रियों को घंटों ट्रेनों का इंतजार करना पड़ा। शनिवार को दिनभर कोहरा छाया रहा। इसके चलते कई ट्रेनों ने यात्रियों को घंटों इंतजार कराया।

22542 वाराणसी गरीब रथ एक्सप्रेस दो घंटे, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस एक घंटे, 15005 राप्ती गंगा एक्सप्रेस दो घंटे घंटे की देरी से आई। इसके अलावा 22545-46 वंदे भारत एक्सप्रेस ने एक-एक घंटे, 15567 अमृत भारत एक्सप्रेस 1:35 घंटे, 15273 सत्याग्रह एक्सप्रेस दो घंटे और 12211 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार गरीब रथ ने दो घंटे इंतजार कराया। 13429 वाराणसी-आनंद विहार साप्ताहिक तीन घंटे, 12204 सहरसा गरीब रथ ने तीन घंटे, 12372 दिल्ली-हावड़ा साप्ताहिक सुपरफास्ट ने चार घंटे और 19269 मुजफ्फरनगर सुपरफास्ट दो घंटे इंतजार कराया। 20503 राजधानी एक्सप्रेस एक घंटे और 12392 श्रमजीवी एक्सप्रेस दो घंटे देरी से आई। 15910 अवध-असम एक्सप्रेस ने चार घंटे लेट रही।

**परिवहन निगम** | अब भी 25 प्रतिशत लटका काम, एक्सईएन ने वन मंत्री डॉ . अरुण कुमार को बताई समय सीमा

# इज्जत नगर का रोडवेज बस अड्डा 31 मई तक तैयार होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इज्जत नगर में निर्माणाधीन रोडवेज बस अड्डे का काम 31 मई 2026 तक पूरा होगा। यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (यूपी सिडको) के एक्सईएन चमन सिंह ने वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना को पत्र भेजकर यह जानकारी दी है।

इज्जत नगर में रोडवेज के नए बस अड्डे के निर्माण के लिए पांच साल पहले केंद्रीय कारागार की 2.285 हेक्टेयर भूमि परिवहन निगम को हस्तांतरित की गई थी। शासन से उसी वित्तीय वर्ष में 16.72 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी थी। साथ ही निर्माण कराने की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था यूपी सिडको को दी, लेकिन एक साल तक बजट ही जारी नहीं हो सका। मार्च 2021 में तीन करोड़ रुपये का बजट आवंटित होने के बाद कार्य आरंभ हुआ। दूसरी किस्त अगस्त 2023 में दो करोड़, इसके बाद मार्च 2025 में तीसरी किस्त 3.90 करोड़ रुपये जारी की गई। हर बार किस्त आने पर टेंडर कराकर काम शुरू कराया गया। 8.90 करोड़ रुपये की लागत से पांच साल में 75 प्रतिशत काम पूरा करने का दावा किया गया। वहीं, सितंबर में शासन से 6.98 करोड़ का बजट आवंटित किया गया। इसके बाद टेंडर की प्रक्रिया में देरी की वजह से काम एक महीने बाद शुरू हुआ। इधर, निर्माण कार्य में सुस्त रफ्तार को लेकर पिछले दिनों वन मंत्री डा. अरुण सक्सेना ने कार्यदायी संस्था पर नाराजगी जताई थी। शुक्रवार को भी कार्य की प्रगति को लेकर फीडबैक लिया गया। इसके क्रम में शनिवार को एक्सईएन ने वत्र मंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया है कि बस स्टैंड का कार्य हर हाल में 26 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।



निर्माणाधीन बस स्टैंड।

### नए बस अड्डा से चार रूटों पर चलेंगी बसें

परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक निर्माणाधीन इज्जतनगर बस अड्डा से दिल्ली, मुरादाबाद, नैनीताल, पीलीभीत रोड पर बसों का संचालन कराने की कार्ययोजना बनी है। इससे पुराना बस अड्डा और सेटेलाइट बस अड्डा का लोड 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसी उम्मीद में पुराना बस अड्डा परिसर में ई-चार्जिंग सेंटर प्रस्तावित है।

### चौबारी में रोडवेज और ई-बस अड्डा है प्रस्तावित

आरएम दीपक चौधरी बताते हैं कि बदायूं रोड पर छह एकड़ में दो बड़े बस अड्डे प्रस्तावित हैं। इनमें से तीन एकड़ में रोडवेज बस अड्डा और तीन एकड़ में प्रधानमंत्री इलेक्ट्रिक बस सेवा का अलग टर्मिनल चौबारी को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य तेज़ रफ्तार पकड़ेगा। बदायूं रोड से आने वाली सभी बसें यहीं शिफ्ट होंगी। वहीं, दिल्ली और रामपुर रूट की बसों के लिए झुमका तिराहा पर 20 एकड़ में अत्याधुनिक बस टर्मिनल का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके साकार होते ही इस रूट का दबाव शहर के भीतर से बाहर चला जाएगा।

### पहले दिसंबर 2025 तक तय थी मियाद

परिवहन निगम के अधिकारी बताते हैं कि नए बस अड्डे का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूरा करने की तारीख मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर निर्धारित थी, जिससे समय पर न पूरा होने पर डैशबोर्ड की रैंकिंग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। नियमित समीक्षा बैठकों में अधिकारियों को लगातार कारण बताने पड़ते थे। इस पर दिसंबर माह में शासन को पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट की। पत्र के संज्ञान में आते ही अपर प्रबंध निदेशक राम सिंह वर्मा ने निर्माण की मियाद बढ़ाकर मई 2026 कर दी थी। इधर, वन मंत्री की ओर से भी लगातार मानीटरिंग की जाती है। अब कार्यदायी संस्था निर्धारित समय पर निर्माण पूरा करने का दावा कर रहे हैं।





# रणनीति : नए श्रम कानूनों और निजीकरण के विरोध की जोरदार तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


यूनियन बैंक की मुख्य शाखा में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

- सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के कर्मी एकजुट होकर खोलेंगे मोर्चा
- 11 को प्रदर्शन और 12 फरवरी को हड़ताल की जाएगी
- बरेली ट्रेड यूनियंस ने सफलता को बैठक कर बनाई रणनीति

**अमृत विचार** : देशव्यापी हड़ताल को लेकर बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन की अहम बैठक शनिवार शाम यूनियन बैंक मुख्य शाखा में हुई। जिसमें 11 फरवरी को प्रदर्शन और 12 फरवरी की हड़ताल की अंतिम रणनीति तय की गई। अध्यक्षता करते हुए ध्यान चन्द्र मौर्य ने कहा कि सरकार की आर्थिक नीतियों और हाल में लागू किए गए चार लेबर कोड्स मजदूर विरोधी हैं, जिसके खिलाफ संगठित और असंगठित क्षेत्र के कामगार एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे।

फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने बताया कि हड़ताल की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है और विभिन्न विभागों में संपर्क कर कामगारों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को भी जोरदार तरीके से उठाया।

यूनाइटेड फोरम बरेली के अध्यक्ष एवं फेडरेशन के उपाध्यक्ष पीके माहेश्वरी ने कहा कि एआईबीईयू, एआईबीओए और बेफी संगठन से जुड़े बैंक कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगे, जबकि एनसीबी आईबॉक और इन्वेफ से जुड़े कर्मचारी हड़ताल का नैतिक समर्थन देंगे। कहा कि निजीकरण के खिलाफ यह हड़ताल अभूतपूर्व होगी और इसे सफल बनाना हर किसी की जिम्मेदारी है। बीमा कर्मचारी संघ बरेली डिविजन की महामंत्री गीता शांत ने भी सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत करने और बीमा क्षेत्र में शत प्रतिशत विदेशी निवेश के विरोध में अपनी एकता का संदेश दिया। फेडरेशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने सरकार से रिक्त पदों को स्थायी रूप से भरने और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर हड़ताल में शामिल होने का स्पष्ट संदेश दिया।

उप महामंत्री ललित चौधरी ने हड़ताल से पहले 11 फरवरी को शाम को यूनियन बैंक अयूब खान चौराह (सीतापुर आंख अस्पताल) के सामने प्रदर्शन करने की जानकारी दी। साथ ही 12 फरवरी को सुबह 10.30 बजे जीवन बीमा निगम की रामपुर गार्डन शाखा पर सभी कार्यकर्ता इकट्ठा होकर सभा और प्रदर्शन करेंगे। डॉ. अंचल अहेरी, अनुज शुक्ला, हरिशंकर, सर्वेश मौर्य, कैलाश, मोहित देवल, फैसल, अमित कुमार, हिमांशु, केपी. सिंह, अनुरोध आदि ने भी विचार रखे। हड़ताल की सफलता के लिए कामगारों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## मुकदमा वापस न लेने पर की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार** : पुराने मुकदमे की रंजिश को लेकर एक महिला की गांव के ही कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। विरोध करने पर महिला के साथ छेड़छाड़ की गई। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला ने बताया कि उसका गांव के शरीफ से मुकदमा चल रहा है। 28 जनवरी को वह कचहरी में तारीख पर गई थी। आरोप है कि वहां शरीफ ने मुकदमा वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी दी। 29 जनवरी को शरीफ उसके घर के पास खड़े होकर पेशाब कर रहा। मना करने पर मारपीट कर उसके साथ छेड़छाड़ की गई। शरीफ की पत्नी सितारा, उसके बेटे अजहर आदि ने भी मारपीट की।

# जुए में 20 हजार हारने पर पत्नी ने गला दबाकर मार डाला

## आईवीआरआई के संविदा कर्मचारी की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, रोडवेज परिचालक ने दो माह पहले किया था प्रेम विवाह, सास-ससुर भी गए जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: प्रेमी से प्रेम विवाह करने के बाद पत्नी ने अपने माता पिता के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी। पूछताछ में पत्नी ने बताया कि पति 20 हजार रुपये जुए में हार गया था। उसके बाद विवाद के बाद उसने अपने माता पिता के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। इज्जतनगर पुलिस ने आईवीआरआई के संविदा कर्मचारी की हत्या का खुलासा करते हुए पत्नी और उसके सास-ससुर को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

मूल रूप से इटावा के भरथना निवासी जितेंद्र कुमार आइवीआरआई में आफिस असिस्टेंट के पद पर तैनात थे। पिछले नौ साल से उनका बारादरी के दुर्गानगर निवासी ज्योति से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। ज्योति रोडवेज के बरेली डिपो में कंडक्टर के पद पर तैनात हैं। जितेंद्र और ज्योति ने 25 नवंबर को परिवार की सहमति से विवाह किया तब से दोनों साथ में रह रहे थे। वह 25 दिन पहले ही इज्जत नगर के कैलाशपुरम में किराये के मकान में शिफ्ट हुए। पुलिस को 26 जनवरी की सुबह सूचना मिली कि जितेंद्र ने कमरे के वेंटिलेटर से लटककर आत्महत्या कर ली है। मामले में मृतक के भाई के शिकायती पत्र पर पुलिस ने आत्महत्या को उकसाने में मृतक की पत्नी व उसके ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतक जितेंद्र की पत्नी ज्योति व दो अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इसमें पत्नी ने हत्या करने की बात कबूली।

### पत्नी के खाते से रुपये निकाल कर खेला जुआ

पुलिस के अनुसार पूछताछ में ज्योति ने बताया कि वह दोनों एक साथ पढ़ाई करते थे। उसके बाद जितेन्द्र आईवीआरआई में संविदा और वह रोडवेज में संविदा पर नौकरी करने लगी। परिवार की सहमति से 25 नवंबर 2025 को दोनों ने शादी कर ली। ज्योति ने बताया कि उसके खाते से जितेन्द्र ने 20 हजार रुपये निकालकर जुये में हार गया था। उसने जुए में रुपये हारने की बात बताई तो उससे विवाद हो गया। इसके बाद उसने अपने माता-पिता को कॉल करके बुला लिया। माता-पिता ने जितेन्द्र के हाथ पकड़े और उसने गुस्से में आकर उसका गला दबा दिया। उसके बाद उसकी मौत हो गई तो उसने अपने माता-पिता की मदद से मफलर की सहायता से उसे दीवार में लगे वेंटीलेटर में लटका दिया।

> जितेन्द्र हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसकी पत्नी, सास और ससुर को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। जुये में रुपये हारने को लेकर हुए विवाद में युवक की गला दबाकर हत्या की गई थी। – **विजेन्द्र सिंह**, इज्जत नगर, थाना प्रभारी

### पत्नी से नाजायज संबंध की रंजिश में ऑडिटर की हत्या में उम्रकैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार** : पत्नी से नाजायज संबंध होने की रंजिश में 6 वर्ष पूर्व फाइनेंस कम्पनी के ऑडिटर की गमछे से गला दबाकर हत्या करने के आरोपी बदायूं जनपद के थाना बिनावर के भूरीपुर निवासी शंकर लाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र प्रकाश ने आजीवन कारावास व 23 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि वादी बदायूं के बिनावर के गांव भूरीपुर निवासी सुनील कुमार ने थाना बिथरी चैनपुर में तहरीर देकर बताया था कि बड़े भाई मुनीष पाल गोल्ड फाइनेंस कम्पनी में ऑडिटर के पद पर कार्यरत थे। उनके मेरे ही गांव के रहने वाले शंकर लाल की पत्नी नीरज से नाजायज संबंध थे। इसके चलते शंकर लाल भाई को कई बार जान से मारने की धमकी दे चुका था। 5 फरवरी 2020 को शाम 5 बजे शंकर लाल मेरे भाई मुनीष को दोस्ती के बहाने घर से बुलाकर लाया था, तब से कई बार फोन किया मगर फोन बंद जाता रहा। 7 फरवरी 2020 को मालूम हुआ कि भाई मुनीष की शंकर ने हत्या कर दी और लाश को बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पुलिया ग्राम कचौली के पास छिपा दी है।

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार** : मेढ़ के विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने भमोरा के ग्राम ब्रह्मपुर निवासी वेदपाल को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सरकारी वकील दिगम्बर पटेल व मनोज वाजपेई ने बताया कि वादी रमेश सिंह ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम ब्रह्मपुर का रहने वाला है। 24 जून 2017 को उसका छोटा भाई जन्डैल सिंह खेत की मेढ़ बांधने गया था, वहां वेदपाल, सूरजपाल, दौलत सिंह ने मेढ़ बांधने से मना किया तो इसी बात को लेकर उसके भाई के साथ गालीगलौज करते हुए वेदपाल ने अपने हाथ में 315 बोर की पौनिया से उसके भाई के सीने में गोली मार दी।

### 11 माह बाद पकड़ा गया आरोपी, युवक के पेट में चाकू मारकर की थी हत्या



**बरेली, अमृत विचार** : विवाद के बाद युवक के पेट में चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को 11 माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुभाषनगर पुलिस ने शनिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के बिहारीपुर पुलिस चौकी निवासी श्याम सिंह ने बताया कि 28 फरवरी 2025 को उसके बेटे सोनू उर्फ विकास और उसके साथी गौरव को एक राय होकर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था। उसके बाद सोनू उर्फ विकास की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके तीन आरोपियों को जेल भेजा था। सुभाषनगर पुलिस ने शनिवार को सुभाष नगर की अंधी पुलिया के पास से आरोपी मिथुन कश्यप निवासी वंशीनगला को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी मिथुन ने बताया कि सोनू शराब पीने के बाद मोहल्ले के लोगों के साथ गाली गलौज करता था। 28 फरवरी 2025 को उसके पेट में चाकू से कई वार किए थे। इसके बाद गौरव की गर्दन पर भी चाकू से वार कर दिया। लोगों की भीड़ जमा होने के बाद वह मौके से फरार हो गया था। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।






# बवाल प्रकरण : पुलिस पर फायरिंग करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- पुलिस से बोला आरोपी, पार्षद अनीस सकलैनी के उकसाने पर की थी फायरिंग
- बवाल वाले दिन इस्लामिया कॉलेज जाने से रोकी गई भीड़ में आरोपी था शामिल

**अमृत विचार** : आई लव मुहम्मद विवाद को लेकर शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फरार चल रहे शातिर हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार किया। बवाल के आरोपी हिस्ट्रीशीटर सुभान ने पार्षद अनीस सकलैनी के उकसाने पर पुलिस पर फायरिंग की थी।

बारादरी पुलिस शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पीलीभीत बाइपास रोड स्थित सम्राट अशोकनगर जाने वाले रास्ते पर पहुंची तो अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन निवासी किशोर बाजार तिराहा सिविल लाइन, थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में हिस्ट्रीशीटर सुभान उर्फ चूरन ने पुलिस को बताया कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां से उसकी जान पहचान है। उसको इस्लामिया ग्राउंड में धरना प्रदर्शन के लिए तौकीर रजा खां ने बुलाया था। लिहाजा उसने इस्लामिया ग्राउंड पहुंचने की कोशिश में पुलिस के रोकने पर फायरिंग की थी। बवाल से एक दिन पहले रात को सुभान की मुलाकात चक महमूद के पार्षद अनीस सकलैनी से हुई। अनीस ने निर्देश दिया कि था किसी भी सूरत में इस्लामिया पहुंचना है। भले ही पुलिस रोके मगर जबरदस्ती पहुंचना होगा। कुछ लोग ईंट पत्थर, एसिड की बोतल, पेट्रोल बम तो कुछ हथियारों के साथ रहेंगे।

पुलिस के अनुसार सुभान पर भरोसा जताते हुए अनीस ने तमंचा और कारतूस भी दिए। बवाल वाले दिन पुलिस ने इस्लामिया जाने से रोका तो वह भी भीड़ में शामिल था। लिहाजा उसने भी दो से तीन राउंड फायर किए। बवाल के बाद से वह फरार था। जब खर्चा नहीं चल सका तो बरेली लौटकर आ गया। साथियों से उधार को लेकर विवाद हुआ था, तो पुलिस खोजते हुए पहुंची तो घर छोड़कर फरार हो गया। वह अजमेर भागने की फिराक में था मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया।

# सेवानिवृत्त सैनिक को भी कन्हैया गुलाटी ने ठगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 22 लाख रुपये हड़पने और मारपीट करने के प्रयास का आरोप
- निवेश के नाम पर लिए रुपये वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी
- बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी समेत 9 लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : कन्हैया गुलाटी की कैनविज कंपनी ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त से भी लाखों रुपये की ठगी कर ली। पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद पीड़ित ने बारादरी पुलिस से मामले की शिकायत की। बारादरी पुलिस ने कन्हैया गुलाटी समेत 9 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र के नवादा शेखान निवासी दीपक गंगवार ने बताया कि उसके पिता रामकुमार भारतीय सेना से सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक हैं। उनकी उम्र 66 साल है। कैनविज कंपनी में निवेश के नाम पर 22 लाख रुपये कंपनी में लगाए थे। कंपनी में पैसा लगाने के बाद आरोपियों ने 7 प्रतिशत मासिक रिर्टन समेत अन्य योजनाओं का झांसा दिया था, लेकिन 9 माह से एक भी रुपये का भुगतान नहीं किया है। पैसे मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे। आरोपियों ने अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर दिए। इसके बाद वह आदित्य सक्सेना के घर पर गया। वहां पर लोगों ने उसे घर में खींचकर मारपीट करने का प्रयास किया। उसके बाद पैसे दोबारा मांगने पर जान से मार देंगे। कन्हैया गुलाटी, प्रमोद सिंह परिहार, नुकता प्रसाद, अनुज कुमार, आदित्य सक्सेना, आचल सक्सेना, जितेन्द्र पटेल, अजीत गंगवार, रेशु गंगवार पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज


पुलिस हिरासत में आरोपी।

- दुकान पर जा रही थी किशोरी को गोदाम में खींचकर किया था दुष्कर्म का प्रयास

**अमृत विचार** : घर से दुकान पर सामान लेने जा रही 13 वर्षीय किशोरी को बुरी नीयत से दबोच कर जबरन गोदाम में बंधक बनाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दुराचार करने की कोशिश करने में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 साल की किशोरी 25 जनवरी की शाम में घर से गांव में ही दुकान पर सामान खरीदने जा रही थी। इसी दौरान गांव का ही मुख्तयार पुत्र जमील किशोरी को जबरन पकड़कर गांव में ही गोदाम में ले गया। फिर अंदर से दरवाजा बंद कर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा उसके कपड़े उतारकर दुराचार की कोशिश करने लगा था। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। किशोरी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण एकत्र हो गए थे। ग्रामीणों ने जबरन दरवाजा खुलवा कर किशोरी को उसके चंगुल से छुड़ाया था। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया था। किशोरी के पिता की तहरीर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शनिवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जवान समेत चार घरों में लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

- चोर मकान का ताला तोड़कर जेवर के साथ कीमती सामान भी चुराकर ले गए
- इज्जतनगर और सीबीगंज में हुई वारदात, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार** : सीबीगंज में तीन घरों के ताले तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने लाखों कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा इज्जत नगर में सेना के जवान के बंद मकान के ताले तोड़कर भी चोर लाखों रुपये के जेवरात समेत अन्य सामान पर हाथ साफ करके फरार हो गए।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के सनइया रानी मेवा कुंवर निवासी सुनील प्रसाद सिंह पुत्र भोला प्रसाद के मुताबिक उसके पड़ोसी आनंद कुमार सिंह पुत्र विष्णु देव सिंह गत 27 जनवरी को अपने परिवार के साथ मकान में ताला डालकर अपने घर समस्तीपुर बिहार गए थे। रात्रि में किसी समय अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर घर में घुस गए और घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण आदि अन्य सामान चोरी कर ले गए। उन्हें घटना की जानकारी प्रातः में करीब साढ़े सात बजे तब हुई जब उनकी पत्नी अपने घर का दरवाजे का कुंडा खोलने गईं थीं। उन्होंने इसकी सूचना फोन पर आनंद कुमार सिंह को दी। इसी रात्रि में गांव निवासी नवी अहमद और अली मोहम्मद पुत्रगण दल शेर के घर में घुसे अज्ञात चोरों ने कमरों व अलमारी का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान चोरी कर लिया।

### सेना के जवान के घर से लाखों का माल साफ

जिला पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के भंगा मोहम्मदगंज निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसके जीजा का मकान इज्जत नगर क्षेत्र के एयरपोर्ट सिटी कॉलोनी में है। उसके जीजा इंडियन आर्मी और बहन ज्ञानवती एनडीआरएफ में हैं। कॉलोनी के चौकीदार सूखाराम ने 28 जनवरी को जीजा को कॉल करके बताया कि आपके मकान के ताले टूटे हुए हैं। इसके बाद उसने मकान में जाकर देखा तो अज्ञात चोरों ने घर के दरवाजे तोड़कर 5 तोला सोना, इंवर्टर बैटरा, सिलाई मशीन, पानी की मोटर, सोने का ओम और बच्चे की चांदी की कंधनी चोरी कर ली। इज्जतनगर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### महिला का पर्स उड़ाया

**बरेली/रिठौरा** : कस्बा रिठौरा के मोहल्ला जाटवपुरा की लक्ष्मी की ननद प्रीती की चार फरवरी को शादी है। जिसके लिए उन्होंने समूह से पौन लाख का लोन लिया था। शनिवार को लक्ष्मी सास कमला, जेठानी किरन के साथ बाजार से खरीदारी करने गयीं थीं। अंसारी मार्केट में उचक्के ने उनका पर्स उड़ा दिया। पर्स में रुपये थे। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है।

## सिटी ब्रीफ

### पीएम सूर्य योजना में 15 फरवरी तक लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा करें

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में शनिवार को विकास भवन के सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक हुई। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शासन से जो लक्ष्य मिला है, उसे 15 फरवरी तक शत प्रतिशत पूर्ण करें। पीओ नेडा को निर्देश दिए कि इसकी कार्यशाला कराएं, जिसमें सभी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी शामिल करें। नियमित रूप से प्रचार प्रसार कराएं, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सकें। पीओ नेडा ने बताया कि योजना के अंतर्गत 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, डिप्टी आरएमओ कमलेश कुमार पांडे, उपायुक्त उद्योग विकास यादव आदि उपस्थित रहे।

### करणी सेना ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** यूजीसी कानून को रद्द किए जाने की मांग को लेकर शनिवार को श्री राजपूत करणी सेना ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए संगठन ने कार्रवाई की मांग भी की। करणी सेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बाईपास चौराहे से जुलूस के रूप में तहसील पहुंचे। रास्ते में नारेबाजी करते हुए उन्होंने कानून को तत्काल वापस लेने की मांग दोहराई और इसका विरोध जताया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ठाकुर अंकित सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विनीत सिंह, लल्लू सिंह, दीपू सिंह, रामू सिंह, राजवीर सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। तहसील परिसर में पहुंचकर करणी सेना के प्रतिनिधि एसडीएम कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कानून को रद्द करने की मांग को औपचारिक रूप दिया।

### इस्लाम धर्म के खिलाफ बयान बर्दाश्त नहीं : शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक धार्मिक व्यक्ति हैं। उनको किसी भी दूसरे धर्म के खिलाफ नहीं बोलना चाहिए, भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना भी जरूरी है। इस्लाम धर्म खिलाफ की गई उनकी टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। मौलाना ने कहा कि इस्लाम धर्म किसी दूसरे धर्म के खिलाफ बातें करने की इजाजत नहीं देता है, यही वजह है कि मुसलमान किसी धर्म के खिलाफ नहीं बोलता और न ही दूसरे धर्मों के धार्मिक कार्य पर कोई आपत्ति करता है। उनका आरोप है कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहले मुसलमानों को निशाना बनाते थे, अब इस्लाम पर टिप्पणी कर रहे हैं। मौलाना ने कहा कि मुसलमान अपने ऊपर की गईं आपत्तियों को बर्दाश्त कर सकते हैं, मगर धर्म पर की गई टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।

### कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर जताई खुशी

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने के निर्णय का उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने स्वागत किया है। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने इसे दूरगामी परिणाम वाला फैसला बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। कहा कि मानदेय वृद्धि पर उम्मीद जताई कि सरकार शिक्षामित्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी। अनिल गंगवार, कुमुद केशव पांडे, अरविंद गंगवार, कुंवरसेन गंगवार, सर्वेश पटेल, अर्जुन सिंह, कृष्णा कुमारी, संजीव गंगवार आदि ने भी खुशी जताई।

# पुरानी पेंशन बहाली और टैक्स में राहत पर टिकी निगाहें

## राज्य कर्मियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री से आम बजट में आयकर में राहत देने और महंगाई के बोझ को कम करने की उम्मीद जताई

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** आम बजट से राज्य कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली व टैक्स में राहत मिलने की आस लगाए बैठे हैं।

विभिन्न कर्मचारी संगठनों का कहना है कि पुरानी पेंशन केवल मांग नहीं, बल्कि लाखों कर्मचारियों के जीवन और सम्मान का सवाल बन चुकी है। केंद्र सरकार को इस बजट में कर्मचारियों की वर्षों पुरानी इस मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

साथ ही आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, आयकर में राहत देने और महंगाई के बोझ को कम करने की भी अपेक्षा जताई जा रही है। सभी को उम्मीद है कि केंद्रीय वित्त मंत्री बजट में ख्याल अवश्य रखेंगी।



आम बजट में पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह देश भर के कर्मचारियों के जीवन से जुड़ी है। हमें उम्मीद है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण हमारी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसको हल कराने का काम करेंगी।

**– सुरेंद्रवीर, जिलाध्यक्ष**, ग्राम विकास अधिकारी संघ



केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार के समक्ष समय-समय पर कर्मचारियों के हितों की मांगें उठाते रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कर्मचारियों के हितों का ख्याल इस बजट में रखा जाएगा। कर्मचारियों को टैक्स में राहत प्रदान करने के साथ ही पुरानी पेंशन की बहाली पर गौर करें, ताकि हम सभी का हित हो सके।

**– जितेंद्र गंगवार**, प्रांतीय मंत्री उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ।



इस बजट में पूरे देश में आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने का प्रावधान होना चाहिए, तभी कर्मचारियों का हित संभव हो सकेगा। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली तक आंदोलन किए गए। इस बजट से हम सभी कर्मचारियों की ओर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है।

**–हरीश गंगवार**, जिलाध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद



पुरानी पेंशन पर केंद्र सरकार को ध्यान देना चाहिए। इसके साथ आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के साथ टैक्स में छूट का भी प्रावधान होना चाहिए। एक फरवरी को आने वाले बजट में कुछ इस तरह का प्रावधान किया जाए, जिसमें हम सभी कर्मचारियों का हित हो सके।

**–रामलाल कश्यप**, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ

## वित्तमंत्री से आस... कृषि नीति के बजाय बने किसान नीति

**बरेली, अमृत विचार:** आम बजट से किसान भी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। किसान संगठनों का कहना है कि इस बार बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाया जाना बेहद जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम सुनिश्चित हो सके।

- **आम बजट पर किसानों की नजर, एमएसपी है सबसे बड़ा मुद्दा**

किसान नेताओं का तर्क है कि हरियाणा और पंजाब में जहां करीब 80 प्रतिशत फसल एमएसपी पर खरीदी जाती है, वहीं प्रदेश में यह आंकड़ा महज छह से सात प्रतिशत तक है, जो साफ तौर पर असमानता को दर्शाता है। कहा कि देश में कृषि नीति नहीं, बल्कि किसान केंद्रित नीति बनाने की जरूरत है। किसानों को उम्मीद है कि बजट में उनकी आय बढ़ाने, लागत घटाने और खरीद व्यवस्था मजबूत करने को लेकर ठोस प्रावधान किए जाएंगे।



आम बजट से किसानों को उम्मीदें हैं, लेकिन अब सिर्फ घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। देश के किसान की सबसे बड़ी मांग है कि एमएसपी पर खरीद की गारंटी, जिससे उसे फसल का उचित मूल्य मिल सके। इसके अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें लागू हों, जिसे पहले सालों में केंद्र सरकार ने माना भी था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया।

**– अरुण राठी, मंडल अध्यक्ष**, भाकियू (अराजनैतिक)



हरियाणा और पंजाब में 80 प्रतिशत तक फसल एमएसपी पर खरीदी जाती है, जबकि यूपी जैसे बड़े कृषि राज्य में यह आंकड़ा बेहद कम है। यह भेदभाव क्यों ? किसान सिर्फ दया नहीं, अधिकार चाहता है। बजट में ऐसी नीति बननी चाहिए जिससे हर राज्य के किसान को बराबरी का लाभ मिले। एमएसपी की गारंटी से ही यह असमानता खत्म हो सकती है।

**–दुर्गेश मौर्य**, जिलाध्यक्ष भाकियू (महात्मा टिकैत)



देश को कृषि नीति की बजाय किसान नीति की जरूरत है, जिसमें किसानों के लिए पेंशन की व्यवस्था हो, जी राम जी योजना से भी किसानों को जोड़ा जाना चाहिए। हालांकि बजट से किसानों को कोई खास उम्मीदें नहीं हैं, क्योंकि सरकार का बजट केवल और केवल उद्यमी आधारित ही होता है। पिछले बजट में भी घोषणाएं खूब हुई थीं, लेकिन हासिल कुछ नहीं हुआ।

**–तेजपाल गंगवार**, जिलाध्यक्ष, भाकियू (अराजनैतिक), बरेली



देश में आज भी कृषि नीति बनाई जाती है, लेकिन जरूरत किसान नीति की है। नीति ऐसी हो जो किसान की लागत, उसकी मेहनत और जोखिम को समझे। खाद, बीज, डीजल सब महंगा हो चुका है, लेकिन फसल के दाम वहीं के वहीं हैं। बजट में अगर किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के ठोस प्रावधान नहीं हुए तो हालात और बिगड़ेंगे।

**–डॉ. रवि नागर**, राष्ट्रीय संगठन मंत्री, किसान एकता संघ

## व्यापारियों की समस्याओं के साथ खड़ा है बार एसोसिएशन



बार अध्यक्ष मनोज हरित को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष युवा सुनील खत्री के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने शनिवार को कचहरी में कार्यक्रम आयोजित कर बार एसोसिएशन के दूसरी बार अध्यक्ष बने मनोज हरित, सचिव दीपक पाण्डेय और संयुक्त सचिव प्रकाशन के शांतनु मिश्र को सम्मानित किया।

सुनील खत्री ने कहा कि बार अध्यक्ष मनोज हरित और दीपक पाण्डेय ने दूसरी बार बरेली बार एसोसिएशन में जीत दर्ज कर शहर में और बार एसोसिएशन में अपनी पहचान अलग बनाई है। मनोज हरित व सचिव दीपक पांडे ने कहा कि व्यापारियों की हर समस्या के साथ बार एसोसिएशन पूरी तरह खड़ा है। संयुक्त सचिव प्रकाशन शांतनु मिश्रा व्यापार मंडल के मुख्य कानूनी सलाहकार भी हैं। नरेंद्र कुमार मिश्रा, व्यापारी प्रेम शंकर अग्रवाल, धीरज सक्सेना, मनोज देवल, विजय कुमार सक्सेना, नरेंद्र राणा, सत्येंद्र कुमार यादव, बीडी शर्मा, सुधांशु शर्मा, राम सेवक यादव, अमरदीप, प्रदीप गंगवार मौजूद रहे।

## आम बजट : बेहतर इलाज और शिक्षा के किए जाएं प्रावधान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को आम बजट प्रस्तुत करेंगी। आम बजट से विभिन्न वर्गों को भारी उम्मीदें हैं। शिक्षा और कारोबार जगत के पेशेवरों को होम लोन की ब्याज दरों में छूट के साथ ही बेहतर इलाज और शिक्षा के इंतजाम किए जाने की उम्मीदें हैं। महंगाई पर अंकुश लगने के साथ ही आम आदमी को राहत देने वाला बजट होना चाहिए।

एक्सेप्शन लिमिट बढ़नी चाहिए। होम लोन पर ब्याज दरें कम होनी चाहिए। पीएफ की कटौती दरें कम होनी चाहिए। आयकर छूट की सीमा बढ़नी चाहिए और स्लैब होने चाहिए, जिससे लोगों के हाथ में पैसा ज्यादा आए। वेतनभोगी कर्मचारियों को बजट से उम्मीद है कि इस बार होम लोन में छूट की सीमा बढ़ जाएगी।

- **शिक्षा और कारोबार जगत के पेशेवरों ने आज पेश होने वाले बजट से लगाईं तमाम उम्मीदें**



आम बजट को देश का युवा वर्ग उम्मीद की किरण के रूप में देख रहा है। रक्षा बजट शिक्षा बजट पर हावी हो रहा है। पिछले वर्ष ये आधे से भी कम रह गया। सरकार को शिक्षा बजट में वृद्धि करके नए विद्यालय, विश्वविद्यालय, आईआईटी, मेडिकल कॉलेज की स्थापना करनी चाहिए। अच्छी शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है।

**–चेतना प्रसाद**, छात्रा



आगामी बजट वास्तविकता, लचीलापन, भविष्य के लक्ष्यों के लिए बचत, स्पष्ट, संतुलित, समावेशी और आम जनता के हित में होना चाहिए, जो अनावश्यक खर्चों को कम करते हुए वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित तथा देश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करेगा। शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 6 प्रतिशत व्यय होना चाहिए।

**–डॉ. हरिनन्दन कुशवाहा**, असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र, गन्ना उत्पादक पीजी कॉलेज, बहेड़ी



आर्थिक सर्वे में पिछले वर्ष की ग्रोथ रेट अच्छी थी। इस वर्ष भी अच्छी ग्रोथ रेट की अपेक्षा है। मगर इस ग्रोथ रेट से 2047 का लक्ष्य संभव नहीं लगता। 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कम से कम 10% की ग्रोथ रेट से आगे बढ़ना होगा। भारत को रिसर्च एंड डेवलपमेंट में इन्वेस्ट करने की आवश्यकता है।

**–डॉ. मनीष शर्मा**, सीएमडी, सृष्टि पूर्ति



एक महिला के रूप में और एक शिक्षाविद होने के नाते बजट से मेरी पहली अपेक्षा यह है की नई शिक्षा नीति की आवश्यकताओं को देखते हुए आधारभूत संरचना विकसित करने पर ध्यान दिया जाए। साथ ही रोजगार योजनाओं में कोटा और विशेष प्रोत्साहन के माध्यम से महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण के ज्यादा मौके दिए जाएं।

**–प्रो. वंदना शर्मा**, राजनीति शास्त्र विभाग, बरेली कॉलेज



बजट से ईंधन, खाद्य पदार्थों जैसी जरूरी चीजों की कीमतों में कमी आए जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। बदलते वैश्विक परिदृश्य में घरेलू बाजार मजबूत रहे इसके लिए छोटे और मझोले उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन मिले। नौकरी-पेशा के लिए कर में मानक कटौती बढ़ाई जाए, जिससे उन पर कर बोझ कम हो।

**–भावेश मिश्र**, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान, गन्ना उत्पादक पीजी कॉलेज, बहेड़ी



देश का बजट समावेशी विकास को लेकर होना चाहिए। युवाओं को वह विकल्प प्रचुर मात्रा में मिलने चाहिए जिससे वह भविष्य को सुरक्षित कर सकें। उद्योग प्रशिक्षण और साथ ही आर्थिक सहायता का आसान विकल्प पर काम करने की आवश्यकता है। नियम कानून कारोबारी सुगमता की दृष्टि से बनाए जाने चाहिए।

**–डॉ. रमेश त्रिपाठी**, अध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग, बरेली कालेज



आगामी बजट में तेजी से उभरती भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्वीकरण के युग में स्वयं को वर्तमान बाह्य उथल-पुथल से संभालने वाली होनी चाहिए। वहीं 2047 के विकसित भारत मिशन के लिए अति आवश्यक उत्पादन और विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादकता वृद्धि के सतत व दीर्घकालीन लक्ष्य हासिल करने वाला होना चाहिए।

**–डॉ. कोमल मित्तल**, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, बरेली कॉलेज

## एसआईआर : सभी बूथों पर आज बीएलओ पढ़कर सुनाएंगे मतदाता सूची

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को सभी बूथों पर निर्वाचक नामावलियों की अंतिम सूची बीएलओ पढ़कर सुनाएंगे। शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा।



साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज बूथ पर एसआईआर कार्य का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह। ● अमृत विचार

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बरेली कालेज, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज बूथों पर एसआईआर के संबंध में बीएलओ के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पाया कि विशेष अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर मौजूद हैं, उनके पास बूथ की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट और नाम कटे हुए वोटरों की सूची भी उपलब्ध है, मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 और 8 उपलब्ध हैं। मतदाता अपने बूथ पर वोटर लिस्ट में नाम और विवरण की जांच करते मिले।


- **अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण**

एडीएम फाइनेंस ने उपस्थित लोगों को बताया कि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा या ऐसे अर्ह मतदाता, जिनका नाम निर्वाचक नामावली में शामिल नहीं है तो उनके नाम शामिल करने के लिए बीएलओ से निर्धारित प्रारूप-6 प्राप्त कर आवेदन कर सकते हैं। दरअसल, विधानसभा निर्वाचक नामावली की अंतिम सूची का प्रकाशन 6 जनवरी को हो गया था। मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को भी ड्राफ्ट की सूची दी गयी। सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जिसे कोई भी मतदाता डाउनलोड कर देख सकता है। दावा-आपत्ति आगामी 6 फरवरी तक की जा सकती है। नोटिस चरण और दावों/आपत्तियों का निस्तारण 27 फरवरी तक होगा और अंतिम मतदाता सूची 6 मार्च को प्रकाशित की जाएगी।

## अब गांवों में ही बनेगा आधार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** अब ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। शासन ने ग्राम पंचायत सचिवालयों में ही आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल शुरू कर दी है।




जनपद में 1188 ग्राम पंचायते हैं। डीपीआरओ कमल किशोर के अनुसार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) से अनुमति मिलने के बाद गांव-गांव आधार केंद्र खोले जाएंगे, जहां नया आधार कार्ड बनवाने के साथ नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर में सुधार, बायोमैट्रिक अपडेट और बाल आधार बनवाने की सुविधा मिलेगी। अभी तक ग्रामीणों को आधार से जुड़े किसी भी काम के लिए बैंक, डाकघर या शहर स्थित आधार केंद्रों पर जाना पड़ता था, जहां घंटों लाइन में लगकर इंतजार करना आम बात थी। स्कूलों में प्रवेश, सरकारी योजनाओं का लाभ, छात्र-छात्राओं की अपार आईडी और यू-डायस पोर्टल पर एंट्री के लिए आधार अनिवार्य होने के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में सीमित सुविधाओं के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती थी। ग्राम सचिवालयों में आधार सेवाएं शुरू होने से यह परेशानी काफी हद तक दूर हो जाएगी।

- **पंचायत सचिवालयों में सुविधा शुरू करने से पहले सहायकों को मिलेगा प्रशिक्षण**

### पंचायत सहायकों को मिलेगी जिम्मेदारी

ग्राम पंचायत स्तर पर इस कार्य की जिम्मेदारी पंचायत सहायकों को सौंपी जाएगी, जिन्हें इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आधार सेवाओं से प्राप्त होने वाली शुल्क राशि पंचायत के ओएसआर खाते में जमा कराई जाएगी, जिससे पंचायत की आय में भी बढ़ोतरी होगी। बेहतर कार्य करने वाले कामन सर्विस सेंटरों को चिन्हित कर उन्हें भी इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। डीपीआरओ के अनुसार प्रशिक्षित सहायकों की तैनाती के बाद ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को समय और धन दोनों की बचत होगी, वहीं बच्चों के स्कूल प्रवेश से लेकर योजनाओं के लाभ तक की प्रक्रिया भी आसान हो जाएगी।

## आपदा मित्र बनने के लिए युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत आपदा मित्र का सात दिवसीय प्रशिक्षण फरवरी में होगा। जिसका उद्देश्य जनपद के युवाओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी से रूबरू कराना है, ताकि किसी भी प्राकृतिक या मानवीय आपदा की स्थिति में वे समाज के सहयोगी और सहायक बन सकें। माय भारत कार्यक्रम की उप निदेशक पुष्पा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के अभ्यर्थियों के लिए बरेली का निवासी होना अनिवार्य है। उनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्षम होना जरूरी है।



## सिटी ब्रीफ

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शिवम ने जीता मेडल



बरेली, अमृत विचार : तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में 30 व 31 जनवरी को एशिया सीक गेम ताइक्वांडो चैंपियनशिप के आयोजन में बरेली के शिवम पाल ने शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल जीता है। इस उपलब्धि पर बिशप स्कूल और बरेली ताइक्वांडो एसोसिएशन अध्यक्ष प्रत्यूष ढींगरा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह थापा, सेक्रेटरी हरीश पाल, जॉइंट सेक्रेटरी अंकित सिंह राठौड़, रिजवान खान, कोषाध्यक्ष महेश कुमार आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### शिविर में पांच लाख की राशि जमा हुई

बरेली/शेरगढ़, अमृत विचार : विद्युत वितरण उपकेंद्र पर विद्युत बिल राहत योजना के तहत शनिवार को बड़ी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने छूट का लाभ उठाते हुए बकाया राशि जमा की। इस दौरान उपभोक्ताओं ने तकरीबन 5 लाख रुपए की धनराशि जमा की। अवर अभियंता संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि योजना के तहत 31 जनवरी तक 20 प्रतिशत की छूट थी जिसका उपभोक्ताओं ने बढ़-चढ़कर लाभ उठाया है। बताया कि योजना के तहत फरवरी माह में विद्युत उपभोक्ताओं को 15 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर पवन कुमार, गुड्डू, बनवारी लाल, अमित कुमार आदि समेत बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और उपभोक्ता मौजूद रहे।

### दुर्गा मंदिर पर हुआ भंडारा, जुटे श्रद्धालु

बरेली/बिशारतगंज, अमृत विचार : सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा समापन के उपरांत हवन पूजन के बाद शनिवार को नगर के प्राचीन दुर्गा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में कस्बा सहित आसपास के गांव के लोगों ने भी पहुंच कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया जो प्रभु इच्छा तक चला। भंडारे में शिवराज यादव, एडवोकेट अमित साहू, जयप्रकाश साहू, गुड्डू भारती, सचिन साहू, विष्णु आदि का विशेष योगदान रहा।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को किया सम्मानित

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के वसूली कर्ता वसीम अहमद और सफाई कर्मचारी राजेन्द्र कुमार शनिवार को सेवा निवृत्त हुए। नगर परिषद ने दोनों कर्मचारियों को गाजे-बाजे और भावभीनी विदाई देते हुए उनके योगदान को सम्मानित किया। विदाई समारोह में पालिकाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर ने दोनों कर्मचारियों को उनके अर्जित अवकाश का चेक सौंपते हुए कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष केशव गुप्ता, अनिल बाल्मीक भी मौजूद रहे।

# डीआईओएस ने प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्र पर व्यवस्थाओं को देखते डीआईओएस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों का शनिवार को डीआईएएस डॉ. अजीत कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्रों पर परीक्षकों की आईडी और उत्तर पुस्तिकाओं की भी जांच की। डीआईओएस ने बताया कि जिले में कुल 114 केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षाएं हुईं, इनमें कुल 1203 बालक और 6102 बालिकाओं ने भाग लिया। केडीएम इंटर कॉलेज और मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में परीक्षाओं का जायजा लिया। केडीएफ कॉलेज में सैन्य विज्ञान में 35, मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान के 187 परीक्षार्थी पंजीकृत मिले।

# रागी कुलदीप ने गुरवाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विशेष गुरमति समागम में मौजूद संगत। ● अमृत विचार





गुरवाणी कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

- **गुरु हरि राय के प्रकाश पर्व पर हुआ विशेष गुरमति समागम**

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गुरु गोबिंद सिंह नगर (मॉडल टाउन) में गुरु हरि राय के प्रकाश पर्व के अवसर पर विशेष गुरमति समागम का आयोजन हुआ, जिसमें श्री दरबार साहिब अमृतसर साहिब से पंथ प्रसिद्ध रागी कुलदीप सिंह ने गुरवाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

उन्होंने गुरु मर्यादा अनुसार कीर्तन आरंभ कर बसंत राग गायन किया, जिसमें उन्होंने शबद ''आज हमारे ग्रह बसंत। गुन गाये प्रभ तुम बेअन्त'' गायन किया। नंदलाल द्वारा रचित काव्य से उन्होंने गजल सुनायी। सतवंत सिंह ने बाणी सलोक महला का गायन कर संगत को निहाल किया। प्रो. हरप्रीत सिंह ने बताया कि गुरु हरि राय का जन्म फरवरी 1630 को कीरतपुर साहिब में हुआ था। गुरु हरि राय ने आध्यात्मिक नेतृत्व को आगे बढ़ाया और सिख समुदाय को एकजुट रखा। चिकित्सा और सेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। कई अस्पतालों और चिकित्सा केंद्रों की स्थापना की थी। पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया और पेड़ों के रोपण को बढ़ावा दिया। संचालन मालिक सिंह कालड़ा ने किया।

गुरदीप सिंह बग्गा, राजेंदर सिंह, अमरजीत सिंह बक्शी, लवली बक्शी, अमनदीप सिंह, मनदीप सिंह, राणा प्रताप सिंह, विंकल उपस्थित रहे। डॉ. जेपी सिंह सेठी ने बताया कि गुरुद्वारा साहिब की ओर से संचालित दशमेश डिस्पेंसरी के द्वितीय वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को निशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप सुबह 10 बजे से होगा, जिसमें पेट एवं हड्डियों के विशेषज्ञ आएंगे।

# बिना हेलमेट-सीट बेल्ट चलने वालों को टोकें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **छात्रों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ**
- **फ्यूचर यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ भव्य समापन**



कार्यक्रम में उपस्थित एसपी ट्रैफिक व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को समापन हुआ। फ्यूचर यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा माह के उद्देश्यों, गतिविधियों और मीडिया की भूमिका पर चर्चा की गई। इस दौरान लोगों को हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई।

आरटीओ पंकज सिंह ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को फाइव-ई मॉडल के बारे में बताया और इसके व्यवहारिक उदाहरण समझाए। साथ ही राहवीर योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों की त्वरित सहायता और नागरिकों को इसके लिए प्रोत्साहित किए जाने की जानकारी साझा की। कहा कि सभी को यह प्रण लेना चाहिए हम न केवल स्वयं नियमों का पालन करेंगे, बल्कि आसपास के हर व्यक्ति को इसके लिए प्रेरित करेंगे। कोई बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाता है, तो उसे टोकना हमारी जिम्मेदारी है।

प्रथम सत्र में आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने सड़क सुरक्षा जागरूकता, दुर्घटना रोकथाम, यातायात नियमों के पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग और सुरक्षित वाहन संचालन की जानकारी दी और कहा कि घर से निकलते समय बिना हेलमेट-सीट बेल्ट चलने वालों को रोकें और टोकें, तभी हादसे रुकेंगे। द्वितीय सत्र में कुलपति मुकेश गुप्ता ने युवाओं और शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी पर जोर दिया।

विद्यालय वाहनों के सुरक्षित संचालन, नियमित तकनीकी जांच, प्रशिक्षित चालक एवं सहायक की उपलब्धता, बीमा और प्राथमिक उपचार किट जैसी सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की जानकारी भी साझा की गई।

तृतीय सत्र में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और रेडियो मीडिया के प्रतिनिधियों ने जन-जागरूकता बढ़ाने में जिम्मेदार रिपोर्टिंग की महत्ता बताई। सभी सत्रों में छात्र-छात्राओं के प्रश्नोत्तर आयोजित किए गए, जिससे उन्हें सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने की प्रेरणा मिली। रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मुकेश गुप्ता, निदेशक हिमांशु, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह, आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा आदि ने संयुक्त रूप से किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विदाई समारोह : मैत्री मिस और इमाद मिस्टर फेयरवेल चुने गए

बरेली, अमृत विचार: दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा बारह के छात्र-छात्राओं का 'विदाई समारोह' शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रितु अरोरा ने किया।

कक्षा ग्यारह के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा बारह के हर्षित ने गीत प्रस्तुत किया। 'इगनाइटेड माइंड' का टाइटल राज कृष्णा पाठक को, 'स्टाइल आइकॉन' का टाइटल प्रधुम्न साईं सामंत को प्रदान किया गया। मैत्री पंत को मिस फेयरवेल और मिर्जा इमाद को मिस्टर फेयरवेल के रूप में सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रितु अरोरा ने विदाई ले रहे छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए। मुख्य संयोजक वैशाली पाठक, उत्तम रस्तोगी, काजी उमैर और विमल मिश्रा रहे।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक। ● अमृत विचार

# एसआरएमएस ने आईके नेक्स्ट को हराकर ट्राफी जीती

कार्यालय संवाददाता, बरेली



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी, साथ में अतिथि और आयोजक। ● अमृत विचार

- **शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता संपन्न**
- **शानदार बल्लेबाजी से यशु प्रधान को मिला मैन ऑफ द टूर्नामेंट**

**अमृत विचार:** डोहरा रोड स्थित निशांत स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में 7 वीं शकुंतला देवी मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का खिताब एसआरएमएस ने अपने नाम कर लिया। एसआरएमएस ने रोमांचक मुकाबले में चार रनों से आईके नेक्स्ट जेन को हराया।

फाइनल मुकाबला आईके नेक्स्ट जेन व एसआरएमएस के मध्य खेला गया, जिसमें आईके नेक्स्ट जेन ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में मात्र 4 विकेट खोकर 211 रनों का विशाल लक्ष्य आईके के सामने रखा। एसआरएमएस के यशु प्रधान ने 33 गेंदों में 65 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके नेक्स्ट जेन की ओर से आकिब अंसारी के 75 व आर्यन चौधरी के 55 रन की शानदार पारियों के बावजूद एसआरएमएस ने रोमांचक मुकाबले को चार रनों से जीत लिया। एसआरएमएस के अनुज शर्मा ने 3 विकेट लिए। यशु प्रधान को उनके टूर्नामेंट में चार मैचों में 407 रन के शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व प्राइजमनी देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, प्रशांत पटेल, डॉ. एमएल मौर्य, संजीव सक्सेना, राजेश अग्रवाल जॉली, राजेश अग्रवाल, वाईसी सक्सेना, प्रत्यूष पाण्डेय, डॉ. मनोज कांडपाल, गुरविंदर, गजेंद्र पटेल, कमल सक्सेना, सुरेश बाबू मिश्रा, संजय सक्सेना, अजीत कुमार सक्सेना, संजय रेकरीवाल, लाल बहादुर गंगवार, राखी गंगवार, निशांत सक्सेना, हैदर अली, सुनील खत्री, मनोज देवल, शशि भूषण अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, धर्मेंद्र राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट : डॉक्टरों की गोल्डन लीजेंड टीम ने जीता मैच, दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जीत पर खुशी मनाते गोल्डन लीजेंड टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- **इंडियन डेंटल एसोसिएशन के आईडीपीएल सीजन 7 की एसआरएमएस मैदान पर शुरुआत**

**अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन के आईडीपीएल सीजन 7 की शुरुआत शनिवार को हो गई। एक फरवरी तक चलने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में डेंटल डॉक्टर और महिला डॉक्टरों की टीमें मैच खेल रही है। एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में हुए मैच में शनिवार को गोल्डन लीजेंड्स ने टीडीसी टाइगर को हराया। दूधिया रोशनी में महिला डाक्टरों का क्रिकेट मैच हुआ। इसमें इपिक पावर हिटर्स को पावर पफ ने हराया।

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में हुए मैच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टीडीसी टाइगर ने आठ ओवरों में 69 रन बनाए। इस दौरान उनके चार खिलाड़ी पवेलियन भी लौटे। मजबूत फिल्डिंग के बाद मैदान में बल्लेबाजी करने के लिए गोल्डन लीजेंड्स के कप्तान डा. अमित किशोर सक्सेना और कमल पांडेय क्रीज पर उतरे। इन खिलाड़ियों ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से बिना कोई विकेट गवाएं छह ओवरों में ही 69 रनों का लक्ष्य पार कर लिया। खेल के लिए जब दो रनों की जरूरत थी तब क्रीज पर मौजूद डा. अमित सक्सेना के विनिंग चौके के शाट ने मैच को आसानी से जिता दिया। दोनों ही टीमों ने मजबूत खिलाड़ियों का एक-एक कैच भी छोड़ा। शाम को दूधिया रोशनी में महिला डाक्टरों के बीच मैच खेला गया। इसमें इपिक पावर हिटर्स टीम ने सात ओवरों में 3 विकेट खोकर 47 रन बनाए। इसका जवाब देने उतरी पावर पफ गर्ल्स टीम ने 4.4 ओवर में ही 48 रन बनाकर आसानी से जीत दर्ज कर ली। इससे पहले एसआरएमएस के निदेशक आदित्य मूर्ति ने मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से परिचय भी प्राप्त किया। इस दौरान मैदान में आतिशबाजी भी की गई।

# एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में एक प्रभावी कदम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन डोनेशन कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब बरेली के पदाधिकारी और रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर। ● अमृत विचार

- **रोटरी क्लब बरेली ने रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में सर्वाइकल वैक्सीन डोनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया**

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली की ओर से रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में ''सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन डोनेशन प्रोग्राम'' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए मानव पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के विरुद्ध टीकाकरण को बढ़ावा देना था।

इस मौके पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने रोटरी क्लब बरेली की अध्यक्ष मेघा कृष्णन, सचिव पल्लवी गोयल और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। क्लब ने न केवल वैक्सीन को दान किया, बल्कि कार्यक्रम के सुचारू संचालन को आवश्यक लॉजिस्टिक सहयोग भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में एक प्रभावी कदम है। समय पर टीकाकरण से महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। यह पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

कार्यक्रम में मासिक धर्म स्वच्छता, जनस्वास्थ्य व एचपीवी वैक्सीन के महत्व के संबंध में जारूकता भी शामिल रही। प्राचार्य एवं मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रजनीश पठानिया, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्वाति खान, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन डालमिया, बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति लता राय व कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की प्रो. डॉ. मेधावी अग्रवाल ने भी विचार रखे।

रोटरी क्लब बरेली ने रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सहयोग से किया यह आयोजन एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कॉलेज प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में सहयोग की आशा व्यक्त की।

# रोटरी क्लब फ्रेगरेंस की मुक्ता अध्यक्ष और उषा बनीं सचिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नई टीम ने जनकल्याण से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया**

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब फ्रेगरेंस की नई कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया। जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए मुक्ता अग्रवाल को अध्यक्ष और उषा कुमार को सचिव नामित किया गया।

शालू मित्तल, हेमा अग्रवाल ,साक्षी, शुभ्रा बंसल, मनीषा मेहरा, सविता अग्रवाल, अंजू अदलखा, सीमा सिंघल ,गीता जुनेजा, मुनिता रेकरीवाल, निधि अग्रवाल, लेखा खंडेलवाल, किरण, ज्योति खुराना, रेनू ग्रोवर, सुषमा, पूनम, नीरा अग्रवाल, झरना मिश्रा आदि सदस्य नई टीम में शामिल हैं। क्लब की चार्टर अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने नई टीम को बधाई दी। नवनिर्वाचित टीम ने समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। रोटरी के सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई।





रोटरी क्लब फ्रेगरेंस की नवगठित टीम की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# कण-कण में व्याप्त हैं भगवान



श्री हरि मंदिर में आयोजित राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **स्वामी उमाकांतानंद ने कथा के चौथे दिन राम जन्म के उत्सव का प्रसंग सुनाया**
- **श्री हरि मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया**



कथा सुनाते उमाकांतानंद।

**अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर में चल रही रामकथा के चौथे दिन शनिवार को स्वामी डॉ. उमाकांतानंद सरस्वती महाराज ने ज्ञान और भक्ति के प्रसंगों, परमात्मा की सर्व व्यापकता और राम जन्म की दिव्य कथाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने राम कथा को जन-कल्याण का माध्यम बताया।

स्वामी उमाकांतानन्द महाराज ने बताया कि भगवान हर कण में व्याप्त हैं, लेकिन उन्हें खोजने के लिए बैकुंठ जाने की आवश्यकता नहीं है, वे केवल प्रेम से प्रकट होते हैं। राम कथा में ज्ञान और भक्ति को साक्षात शरीर धारण कर जाते हुए (मनु-सतरूपा) वर्णित किया, जो बुढ़ापे में आदर्श संबंधों का प्रतीक है। कथा में राजा दशरथ के पुत्र कामेष्टि यज्ञ और रघुकुल शिरोमणि श्रीराम के जन्म की दिव्य कथा सुनाई, जिससे पूरा हॉल जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। भगवान राम के जन्म की व्याख्या के दौरान जैसे ही कथा व्यास ने भजन गाया वैसे ही श्रोता झूम उठे। भगवान श्रीराम के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। इस दौरान पंकज अग्रवाल, रवि शरण सिंह चौहान, पी पी सिंह, संजय अग्रवाल, सतीश रोहतगी, प्रशांत पटेल, दक्ष शर्मा, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, मालती देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।